दैनिक जागरण
18/05/2022

# आधुनिक जीवन में औषधीय पौधों का महत्व समझाया



औषधीय पौधों पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में वनस्पति एवं संस्कृत विभाग ने औषधीय पौधों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डा. राजपाल सिंह ने बताया कि कालेज का वनस्पति एवं हर्बल उद्यान शिक्षा एवं शोध के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। वनस्पति एवं हर्बल उद्यान के इंचार्ज डा. कुलदीप यादव ने बताया कि औषधीय पौधों को आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन का आधार माना गया है। उद्यान में लगभग 50 से अधिक औषधीय पौधों की किस्में मौजूद हैं। कालेज में फार्मास्यूटिकल कैमेस्ट्री बेस्ड आन आयुर्वेदा के विभिन्न शार्ट टर्म कोर्स भी चल रहे हैं। इस दौरान डा. मीनू राठी, गंगा प्रसाद मौजूद रहे।